जिला विधिक सेवा प्रधिकार, (व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा)

फोन न0 6200937857

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा मे 10(दस) पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक सेना के जवान / ट्रांसजेंडर (Transgender) मे से किया जाना है।

महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नही होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए)के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह – अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा (व्यवहार न्यायालय परिसर,) के पते पर कार्यालय अवधि मे पूर्वाह्नं 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक 11/12/2024 तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथो हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक / कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक / कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाएगा।
6. पी0एल0वी0 के रूप में कार्य हेतु करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोडकर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0एल0वी0 को उसके कार्य हेतु नही मिलता है।
8. पी0एल0वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारो को आमलोगो और कानूनी सेवा संस्थानो, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप मे कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदको को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतु समर्पित किया जाता है।

<u>पारा लीगल वोलेन्टियर हेतु आवेदन प्रपत्र</u>

1. अभ्यर्थी का नामः–
2. पिता/ पति का नामः–
3. माता का नामः–
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वर्ष
5. लिंगः–
6. जातिः–
7. जन जाति/ स्थानीय भाषा का ज्ञानः–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यताः–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरणः–
10. स्थानीय पता और संपर्कः–
11. स्थायी पता और संपर्कः–
12. मोबाईल नम्बरः–

घोषणाः–

मैं .... घोषणा करता/करती हूँ किः

(क) मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूँ।

(ख) मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर कोडरमा द्वारा प्रदत्त कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी।

स्थानः–

दिनांकः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नोटः– विस्तृत जानकारी हेतु विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय या website https://koderma.dcourt.gov.in पर संर्पक कर सकते है।

आदेशनुसार
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा